Series S7PQR

SET~4

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **79/7**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

[ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

हिन्दुस्तानी संगीत (गायन) (सैद्धान्तिक)

HINDUSTANI MUSIC (Vocal) (Theory)

निर्धारित समय : ***2*** *घण्टे* — *अधिकतम अंक :* ***30***

Time allowed : ***2*** *hours* — *Maximum Marks :* ***30***

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

Please check that this question paper contains **11** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **15** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

सामान्य निर्देश :

(i) ***खण्ड अ : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

(ii) ***खण्ड ब : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।*

(iii) ***खण्ड स : सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।*

खण्ड अ

8×1=8

1. एक स्वर से दूसरे स्वर तक ध्वनि को खंडित किए बिना गाने को कहते हैं :

(A) अलंकार (B) तान

(C) मींड (D) कण

2. ध़ नि़ सा म, म-ग म ग रे सा स्वर समूह किस राग से हैं ?

(A) बागेश्री (B) भैरव

(C) मालकौंस (D) शुद्ध सारंग

3. रागों के समय चक्र को आधुनिक काल में किसने स्थापित किया ?

(A) पं. वी.एन. भातखण्डे (B) पं. वी.डी. पलुस्कर

(C) पं. रवि शंकर (D) तानसेन

4. सही कथनों को चुनिए :

I. पं. शारंगदेव ने बारह विकृत स्वरों का परिचय दिया।

II. संगीत पारिजात के रचयिता पं. शारंगदेव हैं।

III. तानपुरे में तीन तार होते हैं।

IV. 'आफताब-ए-मौसिकी' की उपाधि उस्ताद फ़ैयाज़ खाँ को दी गई।

सही विकल्प चुनिए :

(A) III और IV (B) I और III

(C) II और IV (D) I और IV

General Instructions :

(i) ***Section A*** *: Attempt* ***all*** *questions. Each question carries 1 mark.*

(ii) ***Section B*** *: Attempt* ***all*** *questions. Each question carries 2 marks.*

(iii) ***Section C*** *: Attempt* ***all*** *questions. Each question carries 6 marks.*

SECTION A

8×1=8

1. Singing with smooth glide from one note to another is called :

(A) Alankar (B) Tana

(C) Meend (D) Kann

2. Dha Ni Sa Ma, Ma-Ga Ma Ga Re Sa group of swaras are from which raga ?

(A) Bageshri (B) Bhairav

(C) Malkauns (D) Shudha Sarang

3. Who established the time cycle of ragas in modern times ?

(A) Pt. V.N. Bhatkhande (B) Pt. V.D. Paluskar

(C) Pt. Ravi Shankar (D) Tansen

4. Choose the correct statements :

I. Twelve vikrit swaras are introduced by Pt. Sharangdeva.

II. Sangeet Parijat is written by Pt. Sharangdeva.

III. There are three strings in Tanpura.

IV. Ustad Faiyaz Khan is the recipient of the title 'Aftab-e-Mausiqui'.

Choose the correct option :

(A) III and IV (B) I and III

(C) II and IV (D) I and IV

5. सही कथनों को चुनिए :

I. संगीत पारिजात में छह अध्याय हैं।

II. राग मालकौंस की जाति 'औड़व-औड़व' है।

III. उस्ताद फ़ैयाज़ खाँ का संबंध आगरा घराने से है।

IV. ताल रूपक में चार विभाग हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) I और IV

(B) II और III

(C) II और IV

(D) III और IV

6. सूची I का सूची II से मिलान कीजिए :

	सूची I		***सूची II***
a.	मालकौंस	i.	14 मात्राएँ
b.	धमार ताल	ii.	संपूर्ण-संपूर्ण
c.	कण	iii.	ग ध नि
d.	भैरव	iv.	ग म

सही विकल्प चुनिए :

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(B) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

5. Choose the correct statements :

I. There are six chapters in Sangeet Parijat.

II. The Jati of Raga Malkauns is 'Audav-Audav'.

III. Ustad Faiyaz Khan is related to Agra Gharana.

IV. Tala Rupak has four Vibhags.

Choose the correct option :

(A) I and IV

(B) II and III

(C) II and IV

(D) III and IV

6. Match List I with List II :

List I		***List II***	
a.	Malkauns	i.	14 Matras
b.	Dhamar Tala	ii.	Sampurna-Sampurna
c.	Kan	iii.	<u>Ga</u> <u>Dha</u> <u>Ni</u>
d.	Bhairav	iv.	^{Ga}Ma

Choose the correct option :

(A) a-iii, b-i, c-ii, d-iv

(B) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(C) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(D) a-i, b-iv, c-ii, d-iii

7. *कथन I :* तानपुरे के निचले गोल भाग को तुंबा कहा जाता है।

कथन II : रे, धा स्वर राग भैरव के वादी संवादी स्वर हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

(D) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

8. *कथन I :* संगीत पारिजात की रचना 17वीं शताब्दी में हुई।

कथन II : धमार ताल की सही विभाग व्यवस्था 5 – 2 – 2 – 3 है।

सही विकल्प चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सही हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन I सही है, परंतु कथन II ग़लत है।

(D) कथन I ग़लत है, परंतु कथन II सही है।

खण्ड ब

5×2=10

9. (क) निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए :

(i) आलाप

(ii) मुर्की

अथवा

(ख) राग भैरव की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

7. *Statement I :* The lower round part of Tanpura is called Tumba.

Statement II : Re, Dha swaras are Vadi Samvadi swaras of Raga Bhairav.

Choose the correct option :

(A) Both Statements I and II are correct.

(B) Both Statements I and II are incorrect.

(C) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

(D) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

8. *Statement I :* Sangeet Parijat is written in the 17th century.

Statement II : The correct arrangement of vibhagas of Dhamar Tala is 5 – 2 – 2 – 3.

Choose the correct option :

(A) Both Statements I and II are correct.

(B) Both Statements I and II are incorrect.

(C) Statement I is correct, but Statement II is incorrect.

(D) Statement I is incorrect, but Statement II is correct.

SECTION B

5×2=10

9. (a) Define the following :

(i) Alap

(ii) Murki

OR

(b) Describe the salient features of Raga Bhairav.

10. (क) ताल रूपक को उसके दुगुन एवं तिगुन के साथ ताललिपिबद्ध कीजिए।

अथवा

(ख) तानपुरे के प्रकारों को बताते हुए उसको मिलाने की विधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

11. (क) संगीत रत्नाकर का संक्षिप्त विवरण कीजिए।

अथवा

(ख) राग बागेश्री का विस्तार से वर्णन कीजिए।

12. (क) ताल धमार का वर्णन करके उसकी तिगुन को ताललिपिबद्ध कीजिए।

अथवा

(ख) उस्ताद फ़ैयाज़ खाँ के जीवन परिचय का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

13. (क) निम्नलिखित पदों का संक्षेप में वर्णन कीजिए :

(i) ग्राम

(ii) तान

अथवा

(ख) ग म ध म, नी ध म

उपर्युक्त स्वर समूह में राग पहचान कर उसका वर्णन कीजिए।

10. (a) Write Tala Rupak with its Dugun and Tigun in Tala notation.

OR

(b) After mentioning the types of Tanpura, describe its tuning in brief.

11. (a) Give a brief description of Sangeet Ratnakar.

OR

(b) Describe Raga Bageshri in detail.

12. (a) Describe Tala Dhamar and write its Tigun in Tala notation.

OR

(b) Describe in brief the life sketch of Ustad Faiyaz Khan.

13. (a) Briefly describe the following terms :

(i) Gram

(ii) Tana

OR

(b) <u>G</u> M <u>D</u> M, <u>N</u> <u>D</u> M

Identify the Raga from the above phrase and describe it.

खण्ड स

2×6=12

14. (क) अपने निर्धारित पाठ्यक्रम में दिए गए किसी एक राग में विलम्बित ख्याल के स्थायी और अंतरा को दो तानों के साथ स्वरलिपि में लिखिए।

अथवा

(ख) अपने निर्धारित पाठ्यक्रम में से किसी एक राग में द्रुत ख्याल स्थायी तथा अन्तरा को तीन तानों सहित स्वरलिपिबद्ध कीजिए।

15. (क) प्रत्येक राग की शुरुआत उसके परिचय के साथ होती है। राग का विस्तार करते समय, उसकी सभी प्रमुख विशेषताओं जैसे थाट, जाति, गायन, समय, आरोह-अवरोह पकड़, आदि का उल्लेख किया जाता है। उसके बाद आलाप तथा तान द्वारा राग का शुद्ध रूप प्रस्तुत किया जाता है। इसके अतिरिक्त राग में मींड, कण, गमक आदि के प्रयोग का भी उल्लेख किया गया है।

उपर्युक्त अवतरण को पढ़ने के पश्चात्, अपने निर्धारित पाठ्यक्रम में दिए गए सभी रागों का 80 – 80 स्वरों का विस्तार आलाप के द्वारा मींड, गमक, कण आदि चिह्नों को दर्शाते हुए लिखिए।

अथवा

(ख) राग के अनेक नियम हैं। इन नियमों में समय सिद्धांत महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। रागों को दिन एवं रात के निश्चित समय में गाना बजाना प्राचीन समय से चला आ रहा है। समय के साथ, रागों में परिवर्तन आया है और साथ ही समय सिद्धांत के नियमों में भी।

उपर्युक्त अनुच्छेद पढ़ने के पश्चात्, वर्तमान समय में सयम सिद्धांत के नियमों पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

SECTION C

2×6=12

14. (a) Write in notation a Vilambit Khayal with Sthai and Antara in any one Raga with two Tanas from your prescribed syllabus.

OR

(b) Write the notation of a Drut Khayal with Sthai and Antara in any one Raga from your prescribed syllabus along with three Tanas.

15. (a) Every Raga begins with its introduction. While doing the elaboration of a Raga, all salient features like Thaat, Jati, Gayan, Samay, Aroh-Avroh, Pakad, etc., are mentioned in the Raga. After that the pure form of the Raga can be depicted through Alap and Tana. Besides this, the use of Meend, Kan, Gamak, etc., is also mentioned in it.

After reading the above passage, write Alap up to 80 – 80 Swaras in all Ragas from your prescribed syllabus along with its sign of Meend, Gamak, Kan, etc.

OR

(b) There are many rules of Ragas. Time theory occupies an important place in these rules. Performing Ragas during the specific time of day and night is prevalent since ancient times. With time, there has been a change in Ragas and also in the rules of time theory.

After reading the above paragraph, describe in detail about the rules of time theory in present times.